# हिन्दुस्तान जिंक को सस्टेनेबल माइनिंग के लिए मिला 5-स्टार रेटिंग सम्मान




ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर। भारतीय खान ब्यूरो ( आईबीएम ) ने हिन्दुस्तान जिंक की तीन प्रमुख खदानों कायड़, सिंदिसर खुर्द और रामपुरा अगुचा को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया है। यह रेटिंग वैज्ञानिक, सुरक्षित और सस्टेनेबल खनन प्रथाओं के लिए दी जाती है। कायड़ माइन को यह सम्मान नौवीं बार, सिंदिसर खुर्द को लगातार तीसरे वर्ष और रामपुरा अगुचा को लगातार दूसरे वर्ष मिला है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, खान मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव संजय लोहिया और आईबीएम के महानियंत्रक डॉ. पी.एन. शर्मा ने प्रदान किए। हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे खनन कार्यों में पर्यावरण, नवाचार और समुदाय के साथ संतुलन की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 5-स्टार रेटिंग में पर्यावरण प्रबंधन, पारदर्शिता, खदान बंदी की योजना और हितधारकों से संवाद जैसे महत्वपूर्ण मानदंड शामिल हैं। जल प्रबंधन में भी कंपनी ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में संचालन के बावजूद हिन्दुस्तान जिंक 3.32 गुना जल सकारात्मक हो चुकी है। कंपनी ने 2030 तक जल खपत में 50 प्रतिशत कमी और 100 प्रतिशत निम्न गुणवत्ता वाले जल के उपयोग का लक्ष्य रखा है, जो सीधे एसडीजी-6 को समर्थन देता है। इसके अतिरिक्त, हिन्दुस्तान जिंक ने जैव विविधता, मियावाकी वृक्षारोपण, वेटलैंड बहाली और मगरमच्छ संरक्षण जैसे कई पारिस्थितिक प्रयासों की भी शुरुआत की है, जो इसके सस्टेनेबिलिटी एजेंडे को और मजबूती देते हैं।